तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

14 पुलिस का कारनामाः नई संहिता लागू फिर भी पुरानी धारा ...


14 हरियाणवी नृत्य में युवतियों ने मचाया धमाल


## खबर संक्षेप

### जागो भारत की ओर से किया पौधरोपण

**अंबाला।** जागो भारत डीके के फाउंडर धीरज कुमार व उनकी टीम ने अंबाला शहर के विभिन्न एरिया में पौधारोपण किया। धीरज कुमार ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

### इसराना पुलिस ने हत्या का आरोपी पकड़ा

**इसराना।** थाना इसराना पुलिस ने रोहतक पानीपत नेशनल हाईवे पर एनसी मेडिकल कॉलेज के नजदीक सीएनजी पंप के सामने शराब ठेके के पास कारपेट ठेकेदार मोनू निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत की गर्दन पर बोतल से वार कर हत्या करने के आरोपी सुनील निवासी उग्राखेड़ी को गिरफ्तार किया है।

### अफीम मामले का सप्लायर गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी करवाई करते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला सप्लाई करने के आरोप में संदीप पुत्र सुखदेव सिंह वासी गिदौर जिला छतरा झारखण्ड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### कार की टक्कर से दो व्यक्ति गंभीर, दो दुकानें क्षतिग्रस्त

**पानीपत।** पानीपत में श्री देवी मंदिर के सामने तेज रफ्तार कार ने दुकान के बाहर बैठे युवक मनोज निवासी भावना चौक और बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। मनोज व वृद्धा दुकान के शटर में जा घुसे। शटर से टकराने के बाद कार वापस मुड़ गई। इसके बाद दो युवक कार से उतरकर फरार हो गए। दोनों घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बाढ़ बचाव के अधूरे इंतजाम से कई गांव के लोगों के दिलों की धड़कनें तेज

## तेज बारिश हुई तो बाढ़ग्रस्त इलाके में हो सकता है भारी नुकसान, इंतजाम पूरे नहीं होने पर तिथि बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बरसात का मौसम शुरु हो चुका है और जिले में बाढ़ बचाव के इंतजाम अधूरे पड़े हैं। जिनकी वजह से बाढ़ ग्रस्त इलाके के लोग परेशान हैं। बाढ़ बचाव के इंतजाम अधूरे पड़े होने का कारण पत्थर की कमी बताया जा रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ बचाव के अधूरे पड़े इंतजामों को पूरा करने के लिए 7 जुलाई तिथि निर्धारित की गई है। इससे पहले बाढ़ बचाव के इंतजाम पूरे करने के लिए 30 जून निर्धारित की गई थी। मगर इंतजाम पूरे नहीं होने पर तिथि बढ़ाई गई है।

■ बरसात के दिनों में यमुना नदी में हर वर्ष आती है बाढ़


यमुनानगर के नजदीक स्थित यमुना नदी के कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त पड़े किनारे।

जिले में बरसात के मौसम में यमुनानदी, सोमनदी समेत अन्य बरसाती नदियां उफान पर आने से बाढ़ आ जाती है और बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारी तबाही होती है। बाढ़ प्रभावित इलाके के ग्रामीण राजबीर, सुधीर, मोहित, जयसिंह, प्रभात, सतवीर सिंह व सुरेंद्र सिंह आदि का कहना है कि बाढ़ रोकथाम के उपायों में देरी होने से जैसे-जैसे समय बीत रहा है यमुनानदी के साथ लगते बाढ़ प्रभावित इलाके के गांव कमालपुर, टापू, लापरा, गुमथला, संधाला, संधाली, लालछप्पर, जठलाना, पोबारी सहित अनेक गांव के लोगों के दिलों की धड़कनें तेज होने लगी हैं। लोगों को डर है कि यदि समय रहते बाढ़ राहत के कार्यों को पूरा नहीं किया गया तो गत वर्ष की तरह इस बार भी तेज बारिश होने से बाढ़ आ सकती है और बाढ़ प्रभावित इलाके में भारी तबाही मचा सकती है।

### पत्थर की कमी की वजह से बढ़ाई डेटलाइन

सिंचाई विभाग के एसई आरएस मित्तल के मुताबिक पहले बाढ़ बचाव कार्यों को पूरा करने के लिए 30 जून निर्धारित की गई थी। मगर कई स्थानों पर किए जा रहे स्टड लगाने के कार्य में पत्थर की कमी पड़ गई। इसलिए कार्य को पूरा करने के लिए डेटलाइन बढ़ाकर 7 जुलाई की गई है। जिले में बाढ़ बचाव इंतजामों पर 65 करोड़ रुपये की लागत से 58 कार्यों पर निर्माण कार्य चल रहा है।

# शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए 3 को अंबाला बंद का ऐलान

## व्यापार मंडल ने समर्थन का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जन जागृति संगठन द्वारा बुधवार को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक अंबाला के सभी व्यापारी प्रतिष्ठान/दुकानें बंद करने का आह्वान किया गया है। इस बंद को हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रधान नीरू वढेरा एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा खुले रूप में समर्थन दिया जाएगा।

ज्ञात रहे कि 'शंभू बार्डर' व्यापारी, आमजन व सरकार की लाइफलाइन है। जिस तरफ सरकार व प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा। अंबाला से शंभू पहुंचने में हाईवे से होते हुए मात्र 10 मिनट का सफर अब वाया घनौर जोकि पंजाब में पड़ता है अब 2 घंटे का हो गया है। इस संकरी सड़क के साथ भाखड़ा नहर 8 किलोमीटर तक बह रही है। जिस पर सफर करना जान जोखिम में डालने के बराबर है। बरसात का मौसम है- भगवान न करे कोई हादसा हो। इस बॉर्डर के बंद होने की वजह से अंबाला का व्यापार गर्क में चला गया है। स्टाफ का वेतन भी निकालना मुश्किल हो रहा है। ज्ञात रहे कि वढेरा जन जागृति संगठन के संयोजक राम रतन गर्ग व प्रधान विप्पल सिंगला के साथ प्रत्येक बाजार व सभी व्यापारी संगठनों से उपरोक्त विषय पर निजी तौर पर जाकर विषय की गंभीरता बारे व्यापारी व आमजन को अवगत करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंद वाले दिन हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के सभी सदस्य पुरानी कपड़ा मार्केट, देव समाज कॉलेज रोड, मनियारी मार्केट, अग्रसेन चौक, कालका चौक, सर्राफा बाजार, दाल बाजार, कोतवाली बाजार, पटेल रोड, जगाधरी गेट, रेलवे रोड व मानव चौक इत्यादि पर तैनात रहेंगे व बंद को कामयाब बनाने में सहयोग करेंगे। मौके पर चंद्रमोहन गुलाटी, तरसेम गर्ग, पवन गुप्ता, सुरेंद्र सचदेवा, देवेंद्र वर्मा, जोगिंद्र वर्मा, प्रधान राजकुमार, लक्की जुनेजा, श्रीकृष्ण गंभीर, मोहन लाल सैनी, मनोज गोयल को बंद की व्यवस्था अपने-अपने बाजारों में देखने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

■ बॉर्डर के बंद होने की वजह से अंबाला का व्यापार चौपट

# केयू आईआईएचएस के बीएससी फिजिकल साइंस में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुवि के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा सोमवार को बीएससी फिजिकल साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएससी फिजिकल साइंस की मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 1 से लेकर 250 तक के अभ्यर्थियों को 2 जुलाई को कमरा संख्या 26 में फिजिकल काउंसलिंग हेतु मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में रिपोर्ट करने का समय 8 बजकर 30 मिनट है। वहीं 3 जुलाई मेरिट सूची के अनुसार क्रम संख्या 251 से लेकर 340 तक के अभ्यर्थियों को कमरा संख्या 26 में उपस्थित होकर दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेना होगा तथा दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित है। बीएससी फिजिकल साइंस ऑल इंडिया जनरल की पहली मेरिट सूची 102.6 से शुरू होकर 98 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस 93 से 92.2 पर, हरियाणा जनरल की 98 से 92 पर, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 92.2 से शुरू होकर 86.6 तक, हरियाणा एससी की 93.2 से 84.8 तक, हरियाणा डी-एससी 91.6 से 75.2, हरियाणा बीसीए 92.8 से 86.8, हरियाणा बीसी बी 93 से 88 तथा ईएसएम वर्ग की 89 से 80 पर समाप्त हुई।

■ अभ्यर्थी को फिजिकल काउंसलिंग के लिए 2 व 3 जुलाई को होना होगा उपस्थित


फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेते अभ्यर्थीः फोटोः हरिभूमि

# चावल के निर्यात से पाबंदी हटाए केंद्र सरकारः मान

## पाबंदी से किसानों को अपने धान की बिक्री करने में दिक्कत आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि चावल के निर्यात पर लगाई गई पाबंदी को हटाया जाए। इसके साथ-साथ चावल के निर्यात पर लगाई गई 20 प्रतिशत निर्यात ड्यूटी को तुरंत प्रभाव से खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की लगाई गई पाबंदी से किसानों को अपना धान की बिक्री करने में दिक्कत आएगी। स्थानीय अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में आयोजित की गई मासिक बैठक में इस मामले को लेकर किसानों से जोरदार नारेबाजी की। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता सूबे सिंह राणा ने की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार ने इस प्रकार की पाबंदी को नहीं हटाया गया तो व्यापारी अपने हिसाब से धान की फसल की खरीद करेगा। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों की मांग को स्वीकार नहीं किया गया तो किसान लामबंद होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मौके पर भाकियू चेयरमैन यशपाल राणा, वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, हरिकिशन, नेक्की राम, महेंद्र मढ़ान, प्रेम बल्ला, देशराज शाहपुर, रामदुरेजा, धनेतर राणा, कुलदीप राणा, दिलावर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

■ मांगों को स्वीकार नहीं करने पर आंदोलन की दी चेतावनी


किसान भवन में नारेबाजी करते हुए भाकियू कार्यकर्ता।

### किसान भवन की प्रबंधक कमेटी का किया गठन

भारतीय किसान यूनियन की ओर से करनाल स्थित किसान भवन की देखरेख के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रमुख तौर पर नीलोखेड़ी ब्लॉक से सूबे सिंह राणा, करनाल ब्लॉक से राजकुमार नोतना, घरौंड़ा ब्लॉक से सुरेश कुमार, निसिंग से यशपाल राणा, इंद्री ब्लॉक से दिलावर सिंह को नामित किया गया है।

किसान भवन में आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के चेयरमैन यशपाल राणा ने किसानों को आह्वान करते हुए कहा कि सभी किसान भाई अपने खेतों में इस बार पांच पौधे अवश्य लगाएं, क्योंकि वातावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ खेतीबाड़ी पर भी ग्लोबल वार्मिंग का विपरित असर पड़ रहा है।

# शाहबाद में अलसुबह हुई बारिश ने गर्मी से लोगों को दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

नगर में अलसुबह हुई बरसात से नगर वासियों ने भीषण गर्मी से राहत ली। जहां एक तरफ लोग भीषण गर्मी से बहुत परेशान थे और घरों से बाहर निकालना भी मुश्किल हो रहा था वहीं बरसात होने से पेड़ पौधों पर भी कुछ हरियाली नजर आने लग गई है। सुबह बरसात के कारण बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

कामकाजी महिलाओं और पुरुषों को भी अपने गंतव्य तक जाने में परेशानी हुई। दोपहर को मौसम धूप निकलने के कारण गर्मी का एहसास होने लगा। भीषण गर्मी के कारण बाजार सुनने पड़े हैं। दुकानदारों का कोई कारोबार नहीं है। हर आदमी बरसात की इंतजार कर रहा था, अब बरसात होने लोगों ने राहत की सांस भी है। वही जिमीदार भी धान की फसल की बुवाई के लिए बरसात का इंतजार कर रहे थे। अब अगर बरसात लगातार पांच-सात दिन हो जाती है तो जमिंदारों को अपनी धान की फसल बुवाई करने में मदद मिल जाएगी। भीषण गर्मी के चलते बेल वाली सब्जियां भी सुख गई थी। अब बरसात होने से उनकी हरियाली भी वापस आ जाएगी।

# पड़ोसी ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

शहर की एक कॉलोनी में पड़ोसी व्यक्ति ने 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। खून से लथपथ हालत में जब पीड़िता की दादी उसे अस्पताल लेकर पहुंची तो मेडिकल में किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर अपनी 15 वर्षीय पौती के साथ रहती है। 26 जून को दोपहर दो बजे उसकी पौती की अचानक से तबीयत खराब हो गई। उसकी पौती के गुप्तांग से खून निकल रहा था। वह अपनी पौती को शहर के मुकंद लाल नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंची। जहां पर लड़की का मेडिकल किया गया। जिसमें उसकी पौती के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। उसकी पौती ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सुशील कुमार ने बहाला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया है। आरोपी इससे पहले भी उसके साथ गलत काम कर चुका है। पीड़िता की दादी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने देर शाम आरोपी सुशील कुमार के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अमिता देवी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

■ आरोपी पहले भी उसके साथ गलत काम कर चुका

■ पीड़िता की दादी उसे अस्पताल लेकर पहुंची तो मेडिकल में किशोरी के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई

# दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद और 50 हजार जुर्माना

**पानीपत।** एडीजे सुखप्रीत सिंह की फास्ट ट्रैक कोर्ट, पोस्को एक्ट ने किशोरी को उसके साथ विवाह करने की नीयत से अपने साथ ले कर जाने व किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी कमल निवासी नलवा कालोनी, गांव उझा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एडीजे सुखप्रीत सिंह की कोर्ट ने कमल पर 50 हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी कमल को तीन साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। सरकारी वकील कुलदीप ढुल ने बताया कि इस केस में बड़ी बात यह भी है कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान पीड़िता और शिकायतकर्ता पिता दोनों ने ही गवाही से मुकर गए थे। उन्होंने दोषी के पक्ष में ही अपने बयान दिए थे। जबकि सुखप्रीत सिंह की कोर्ट ने सभी सबूतों के आधार पर ये फैसला सुनाया है। दूसरी ओर, चांदनीबाग थाना पुलिस ने दुष्कर्म पीडिता लडकी के पिता की शिकायत पर 9 अप्रैल सन 2022 को कमल के खिलाफ केस दर्ज किया और उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। इधर, कोर्ट ने कमल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

■ जुर्माना नहीं देने पर तीन साल की अतिरिक्त कैद भोगेगा

## निरीक्षण

### कैदियों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया

सेशन जज ने बाल कैदियों को होने वाली परेशानियों के बारे में जाना

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन चंद्र शेखर ने कहा कि प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन में बच्चों को नियमानुसार तमाम सुविधाएं मिलनी चाहिए तथा स्वच्छता और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस रखना होगा।

सेशन जज एवं डीएलएसए के चेयरमैन चंद्रशेखर सोमवार को मधुबन प्लेस ऑफ सेफ्टी में बच्चों से बातचीत कर अधिकारियों से फीडबैक ले रहे थे। इससे पहले जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर, सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ सविता कुमारी, मुख्य दंडाधिकारी सुधीर कुमार ने प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन करनाल का औचक निरीक्षण किया और किशोर बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत फीडबैक ली। सेशन जज ने प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वार्तालाप की और उनको होने वाली परेशानियों के बारे में जाना।

उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न फैले।

उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, करनाल से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में स्टाफ को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए।


**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश निरीक्षण करते हुए।

### आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया

अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों / कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित / प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों / कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कुछ कैदियों/बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया। स्टाफ को उनके आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मामला संबंधित न्यायालयों के ध्यान में लाया जा सके। अधीक्षक को विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और बच्चों / कैदियों के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा चेयरमैन ने हर एक कैदियों से वार्तालाप की और उनकी समस्याओं को सुना।

# सिखों के मान-सम्मान से नहीं होगा कोई समझौता : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने सिख कौम का विश्व भर में एक विशेष रूतबा है। सिख कौम ने अपना जो वर्चस्व बनाया है, वह गुरु साहिबान की अपार कृपा और सिखों की मेहनत सदका है। वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सगहल, धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना की अगुवाई में सिखों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका भी मौजूद रहे। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि अब से पहले देश भर में सबसे अधिक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने शुरू से ही सिखों पर अत्याचार किए, लेकिन भाजपा हमेशा सिख कौम को साथ लेकर चली है। उन्होंने हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों एवं उनके साथ पहुंची सिख संगत को विश्वास दिलाया कि सिखों के मान-सम्मान के साथ किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी भाजपा सिख कौम के हित में कल्याणकारी योजनाएं चलाने के साथ-साथ उनकी जायज मांगों को पूरा करेगी।

■ कांग्रेस ने शुरू से ही सिखों पर अत्याचार किए


सिख संगत को संबोधित करते भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा।

**खबर संक्षेप**



यमुनानगर। रादौर में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर उन्हें प्रोत्साहित करते अतिथि।

### रक्तदान शिविर में सौ यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

रादौर। शहीदों की याद में 36 बिरादरी भाईचारा संगठन के तत्वावधान में रादौर के धोबी महोल्ला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सौ यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ संगठन के प्रभारी व निवर्तमान पार्षद राजन पासी ने किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में चिकित्सकों ने 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया। मुख्यातिथि एवं संगठन प्रभारी राजन पासी ने कहा कि संगठन की ओर से पहली बार शहर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

### प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

यमुनानगर। हुडा सेक्टर-17 में आशियाना फ्लैट के नजदीक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर गांव गढ़ी मुंडो निवासी वरिंद्र कुमार द्वारा अवैध कब्जा करने का प्रयास किया गया। विभाग द्वारा नोटिस भेजने के बाद भी आरोपी द्वारा जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया। पुलिस ने देर शाम एसडीएम की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 29 से तीन अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत

यमुनानगर। सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जो व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मामलों को इस विशेष लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निपटाना चाहते हैं तो वह 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश शालिनी सिंह नागपाल ने बताया कि माननीय सवार्ेच्च न्यायालय में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में श्रम मामले, चेक बाउंस मामले (सेक्शन 138 एनआई एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले अन्य सिविल मामलों की सुनवाई की जाएगी।

## किसानों के चेहरे खिले, फसलों के लिए बताया लाभदायक

# मानसून की पहली बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत





यमुनानगर। सोमवार को जिले में हुई बारिश से सड़कों पर गुजरते वाहन और लोग। फोटो: हरिभूमि

### बारिश होने से तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

लंबे अर्से से गर्मी की तपिश झेल रहे जिले के लोगों को सोमवार तड़के मानसून की पहली झमाझम बारिश ने राहत दे दी। बारिश होने से जहां मौसम सुहावना बन गया, वहीं, किसानों के चेहरे खिल उठे। किसानों ने बारिश को धान, गन्ने व चारा की फसलों के लिए लाभदायक बताया है। जबकि सब्जी उत्पादक किसानों ने बारिश को शिमला मिर्च व टमाटर की फसल के लिए नुक्सानदायक बताया है। बारिश होने से सोमवार को जिले के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

#### गर्मी की तपिश झेल रहे थे जिलेवासी

पिछले काफी समय से जिले के लोग गर्मी की तपिश और मौसम में बनी उमस को झेल रहे थे। आलम यह था कि गर्मी की तपिश इतनी थी कि लोगों का बाहर निकलकर कामधंधे करना मुहाल था। मगर सोमवार तड़के तीन बजे के करीब अचानक आसमान में उमड़े घने बादलों ने मौसम में ठंडक बना दी। इसके कुछ देर बाद हवा के साथ बारिश ने सभी के चेहरों पर मुस्कराहट ला दी। हालांकि बारिश होने से सड़कों पर कीचड़ की स्थिति बन गई। मगर इसके बावजूद जिले में पहली बारिश का हर सभी ने स्वागत किया और सड़कों पर चलते हुए कीचड़ की कोई परवाह नहीं की।

#### शिमला मिर्च व टमाटर की फसल को नुकसान

सब्जी उत्पादक किसान श्याम लाल, कुलदीप सिंह, विरेंद्र, दीपक व रामेश्वर आदि का कहना है हालहि में टमाटर व शिमला मिर्च के भाव में तेजी आई थी। जिससे उन्हें लगा था कि फसल तैयार करने पर किया गया खर्च पूरा हो जाएगा और दो पैसे भी उन्हें बच जाएंगे। मगर सोमवार तड़के हुई बारिश से उनकी शिमला व टमाटर की फसल को नुक्सान पहुंचने की आशंका है।

#### तापमान में आई गिरावट

सोमवार को हुई बारिश से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का तापमान घटकर अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रह गया।

#### फसलों के लिए किसानों ने बारिश को बताया लाभदायक

किसान मनोज कुमार, सुलेख चंद, रामबीर, सतीश व श्यामलाल का कहना है कि पिछले एक महीने से पड़ रही रही गर्मी की तपिश व बिजली कटौती के कारण उनकी गन्ने व चारा की फसलें सिंचाई के बिना सूखने के कगार पर पहुंच गई थी। वहीं, धान की रोपाई भी धीमी चल रही थी। बारिश होने से अब जहां गन्ना व चारा की फसलों को लाभ मिलेगा, वहीं, धान की रोपाई भी तेजी पकड़ेगी। उनका कहना है कि उनकी फसलों में सिंचाई हो गई है। जिससे उनका पैसा बर्बाद होने से बच गया है।



यमुनानगर। आयोजित बैठक में भाग लेते हुए वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

# रादौर में सफाई व्यवस्था नहीं है दुरुस्तः कटारिया

- वेलफेयर एसोसिएशन रादौर की बैठक का कस्बा स्थित रॉयल गार्डन पैलेस में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर

वेलफेयर एसोसिएशन रादौर की मासिक बैठक का आयोजन कस्बा के रॉयल गार्डन पैलेस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान पार्षद भगवतदयाल कटारिया ने की। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर रोष प्रकट किया गया। एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि नगरपालिका हर महीने लगभग 8 से 10 लाख रूपये कस्बा की साफ सफाई पर खर्च कर रही है। मगर इसके बावजूद कस्बा में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सफाई ठेकेदार लाखों रूपये लेने के बावजूद शहर में सफाई व्यवस्था कायम नहीं रख पा रहे हैं। सड़को, गलियों में गंदगी पसरी हुई है। सदस्यों ने मामले को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। इस अवसर पर सदस्यों ने वषार्ें से नगरपालिका की ओर से बनाए जाने वाला खेल स्टेडियम अधूरा पड़ा होने पर रोष प्रकट किया। बच्चों को खेलने के लिए मैदान नहीं मिल पा रहा है। उनकी मांग है कि अधूरा पड़ा स्टेडियम जल्द पूरा करवाया जाए। एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार से जल्द से जल्द नगरपालिका चुनाव करवाये जाने की मांग की। जिससे कस्बा में अधूरे पड़े कार्य संपन्न हो सकें और शहर का विकास हो सके। कस्बा में बेहतर सफाई व्यवस्था करवाये जाने की सदस्यों ने नगरपालिका से मांग की। वहीं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बेहतर न होने पर सदस्यों ने रोष प्रकट किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सुशील अग्रवाल, मास्टर प्रवेश कुमार, मास्टर गुरचरण सिंह, सुभाषचंद मट्टू, मुकेश अरोड़ा मक्की, रविंद्र शर्मा व मनमोहन सिंह औजला आदि मौजूद रहे।

### सीएम का आभार जताया

पानीपत। पानीपत के उपायुक्त के माध्यम से जोगी समाज के लोगों ने राजकीय महाविद्यायल हिसार का नाम गुरू गोरख नाथ किये जाने को लेकर खुशी जाहिर की व मुख्यमंत्री नायब सिंह के नाम धन्यवाद पत्र देकर आभार प्रकट किया। प्रशासन की तरफ से एसडीएम मनदीप सिंह ने जोगी समाज के लोगों द्वारा दिए गए धन्यवाद पत्र को स्वीकार किया व इसे मुख्यमंत्री को भेजने का आश्वासन दिया।

# प्रोजेक्टों पर किया विचार विमर्श

- रोटरी क्लब वूमैनस सेल की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



यमुनानगर। रादौर में आयोजित रोटरी क्लब की बैठक में उपस्थित महिला सदस्य।

रोटरी क्लब वूमैनस सेल की मासिक बैठक का आयोजन रादौर के एक होटल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता वूमैनस सेल प्रभारी पूजा माटिया ने की। बैठक में क्लब की ओर से जुलाई महीने में किए जाने वाले प्रोजेक्टों पर चर्चा की गई। क्लब की ओर से अन्नपूर्णा दिवस के अवसर पर नगरपालिका कार्यालय के बाहर सुबह 10 बजे स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं में प्रशाद वितरित किए जाने का निर्णय लिया गया। 6 जुलाई को क्लब की ओर से शाम साढ़े 7 बजे होटल दावत में आयोजित होने वाले नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में सभी सदस्यों से भाग लेने की अपील की गई। वहीं क्लब की ओर से बैठक में तीन नए महिला सदस्यों नीलम मेहता, कंचन अरोड़ा, सुनीता आहुजा को प्रधान पूजा माटिया व अन्य सदस्यों द्वारा लेपल पिन लगाकर व पटका पहनाकर क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में अधिक से अधिक महिलाओं को रोटरी क्लब वूमैनस सेल से जोड़ने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रधान पूजा माटिया, लक्ष्मी चोपड़ा, वीना चोपड़ा, साक्षी , नीलम, कंचन अरोड़ा, सुनीता आहुजा, सुमन शर्मा, दीपिका वर्मा, पुलकिता शर्मा, गीतिका जौहर आदि मौजूद थी।

# कृषि मंत्री ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं

- गरीब को आर्थिक रूप से मजबूत व सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



यमुनानगर। जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते कृषि मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने सोमवार को जगाधरी स्थित कार्यालय में जनता दरबार लगाया। इस दौरान यमुनानगर और प्रदेश के कई जिलों के लोग दरबार में पहुंचे। मौके पर कृषि मंत्री कंवरपाल ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत शिकायतों का समाधान करवाने के निर्देश दिए। जनता दरबार में बिजली, नगर निगम, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, बैंक, जन स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याएं विशेष तौर पर आई। कृषि मंत्री ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया। वहीं कुछ शिकायतों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन पर दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की डबल इंजन की सरकार असल मायने में गरीब हितैषी है और गरीब को आर्थिक रूप से मजबूत व सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने वषार्ें से चली आ रही परंपरा को तोड़ते हुए ऐसी व्यवस्था बनाने का काम किया जिससे जनता खुश है। कांग्रेस की सरकार में गरीबों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। बिचौलियों व कमिश्नखोरों की मनमानी चलती थी। लेकिन भाजपा सरकार में न कोई बिचौलिया है, न कट, न कमीशन और न ही किसी सिफारिश के लिए चक्कर काटने की जरूरत है। योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों के खातों में पहुंच रहा है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पीयूष गोगियांन व राहुल गढ़ी आदि मौजूद थे।

# जिला केसरी प्रतियोगिता में सुनैना ने हासिल किया प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



यमुनानगर। होली मदर पब्लिक स्कूल में छात्रा सुनैना का हौंसला बढ़ाती प्रधानाचार्या व अन्य। फोटो: हरिभूमि

तेजली खेल परिसर में आयोजित जिला केसरी प्रतियोगिता में होली मदर पब्लिक स्कूल की कक्षा नौवीं की छात्रा सुनैना ने कुश्ती में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता जीतकर सोमवार को स्कूल में पहुंची सुनैना का प्रिंसीपल द्वारा स्वागत किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि सुनैना ने 23 और 24 जून को तेजली में आयोजित जिला केसरी प्रतियोगिता में अंडर - 17 के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार हासिल कर सभी को गर्वित किया। इससे पहले भी 15 जून को तेजली में आयोजित खेल महाकुंभ में भी सुनैना ने अंडर-17 के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि सुनैना भविष्य में गीता तथा बबीता फोगाट की तरह देश का नाम रोशन करना चाहती है। उन्होंने सुनैना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह आने वाली प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह से उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रहेगी।

# रादौर में मनाया गया चिकित्सक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



- राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एक बड़ा जागरुकता अभियान है : डॉ.परमार

विश्व चिकित्सक दिवस के अवसर पर सोमवार को सरकारी अस्पताल रादौर में चिकित्सक दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी चिकित्सकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। एसएमओ डॉ.विजय परमार ने बताया कि भारत के उत्कृष्ट चिकित्सक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ.बिधान चंद्र रॉय के जन्म के उपलक्ष्य में 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। जिन्होंने पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में भी काम किया। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एक बड़ा जागरुकता अभियान है, जो सभी को मौका देता है। डॉक्टरों की भूमिका, महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही साथ चिकित्सीय पेशेवर को इसके नजदीक आने और अपने पेशे की जिम्मेदारी को समर्पण के साथ निभाने के लिये प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय चिकित्सीय दिवस के रुप में हर वर्ष 1 जुलाई को पहचान देने के लिए 1991 में भारत सरकार द्वारा डॉक्टर दिवस की स्थापना हुई थी।

भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.बिधान चन्द्र रॉय को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिए 1 जुलाई को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर इसे मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी 1961 में उन्हें भारत के सवार्ेच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। रॉय साहब ने अपनी डॉक्टरी की डिग्री कलकत्ता से पूरी की और 1911 में भारत लौटने के बाद अपनी एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से पूरी की। उसी वर्ष से भारत में एक चिकित्सक के रुप में अपने चिकित्सा जीवन की शुरुआत की। बाद में उन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज से एक शिक्षक के रुप में जुड़ गए। वो एक प्रसिद्ध चिकित्सक होने के साथ ही एक स्वतंत्रता सेनानी के रुप में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गाँधी से जुड़े। बाद में वो भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के नेता बने और उसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री बने। इस दुनिया में अपनी महान सेवा देने के बाद 80 वर्ष की आयु में 1962 में अपने जन्मदिवस के दिन ही उनकी मृत्यु हो गयी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। गांव फतेहपुर निवासी अंकित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ का लड़का 31 वर्षीय सचिन जगाधरी किसी काम से गया था। शाम को जब वह काम खत्म करके बाइक पर घर लौट रहा था तो गांव परवालो के पास स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास तेज गति से आ रही महिंद्रा पिकअप ने सचिन की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने सचिन को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

गांव बीड़ बलसुआ निवासी सीमा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति 52 वर्षीय यमुनानगर किसी काम से आया था। जब वह आशीर्वाद अस्पताल के पास सड़क पार करने लगा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पति को टक्कर मार दी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसके पति की मौत हो गई।

#### बुजुर्ग को ट्रक ने कुचला

गांव उधमगढ़ निवासी सुखदेव सिंह ने बताया कि उसका पिता 65 वर्षीय मेहर सिंह साफ सफाई का काम करता था। उसका पिता शाम सात बजे खारवन रोड पर एक मिठाई की दुकान के बाहर साफ सफाई कर रहा था तो अनियंत्रित ट्रक ने उसके पिता को कुचल दिया। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बूथ लेवल अधिकारियों ने घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया शुरू

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीसी के माध्यम से फोटोयुक्त मतदाता सूची के संशोधन कार्यक्रम के दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭यमुनानगर



- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक ली

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों व सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की। इस दौरान अधिकारियों को फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन कार्यक्रम के विषय में दिशा-निर्देश दिए। जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। कार्यक्रम के अनुसार गत 25 जून से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार नई पहल शुरू करते हुए परिवार पहचान पत्र के डाटा को बूथ स्तर के डाटा से मिलान किया जाएगा और नगर निगम से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र की सूची को बीएलओ को सौंपा जाएगा ताकि मृत लोगों के वोट वोटर लिस्ट से हटाए जा सके। उपायुक्त ने ऐसे पोलिंग स्टेशनों की लिस्ट बनाने को कहा जहां पर पिछली बार वोटिंग कम हुई थी। ऐसे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाकर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

#### 20 अगस्त को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा

उपायुक्त ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान के तहत बीएलओ का सहयोग करते हुए सही जानकारी उपलब्ध करवाकर उनका सहयोग करते हुए सत्यापन का कार्य करवाएं। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार मतदाताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे। त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपना फार्म भरकर संबंधित बीएलओ को दे सकते हैं ताकि उनका नाम भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। अभियान के दौरान बीएलओ द्वारा वेरिफिकेशन करते उपरांत मतदाता सूची में दोहरे नामों को भी मतदाता सूची से हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा तथा 25 जुलाई से 9 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। इसके अलावा 19 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियों का निपटारा करने उपरांत 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

# मानवता के लिए चलाई जा रही रसोई

- रोटरी क्लब वूमेनस सेल द्वारा रसोई में की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭रादौर



यमुनानगर। रादौर में मानवता की भलाई के लिए चलाई जा रही रसोई में सेवाएं देते हुए सेल की सदस्य। फोटो: हरिभूमि

रोटरी क्लब वूमेनस सेल की ओर से रादौर में मानवता की सेवा के लिए चलाई जा रही रसोई में सेल के सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। वूमेनस सेल प्रभारी पूजा माटिया के नेतृत्व में महिला सदस्यों ने रसोई में खाना खाने आए लगभग 500 से अधिक लोगों को खाना परोसा। सेल की प्रधान पूजा माटिया ने बताया कि रोटरी क्लब दुनियाभर में मानवता की सेवा के लिए कार्य कर रहा है। जउन्होंने कहा कि रोटरी रादौर से जुड़कर महिला सदस्य समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर योगदान दे रही हैं। हमें महिलाओं को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे महिलाएं समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़कर योगदान दे सके। मौके पर नीलम बंचल, रानी सैनी, लक्ष्मी चोपड़ा, साक्षी पुरूथी, नीलम मेहता, कंचन अरोड़ा, सुनीता आहुजा, खुशी ककड, लीला रोहिला, अंजु शर्मा, सुमन शर्मा, डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, भारत माटिया व रविंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा में कांग्रेस की लहर चली : स्वीटी रंगा

**शाहबाद।** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने हल्का शाहबाद के गांव सुलखनी में पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। वे हल्का शाहाबाद के गांवो और शहर में जाकर लगातार पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्वीटी रंगा ने कहा कि आज हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। उन्होंने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। महंगाई की मार पड़ रही है।

### भूख हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का किया धन्यवाद

**कुरुक्षेत्र।** आल हरियाण रोडवेज वर्कर्स यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 1947 के राज्य प्रधान मायाराम उनियाल, राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ,राज्य कैशियर रघुबीर पंजाबी व प्रदेश प्रैस प्रवक्ता रणजीत करोडा ने संयुक्त बयान में उन सभी कर्मचारियो का धन्यावाद किया है। जिन कर्मचारियों ने साझा मोर्च के आह्वान पर सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में 26 जून को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भूख हड़ताल करके महाप्रबंधक के माध्यम से सरकार को ज्ञापन दिया।

### जशनदीप सिंह ने संभाला पुलिस अधीक्षक का पदभार

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने सोमवार को जिला पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया। पुलिस मुख्यालय पंहुचने पर सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को सलामी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अशोक कुमार सहित सभी उप पुलिस अधीक्षक ने गुलदस्ता देकर पुलिस अधीक्षक महोदय का स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय पर तैनात सभी अधिकारियों व शाखा प्रभारियों ने उनके कार्यालय में मुलाकात की।

# ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक, बच्चों में दिखा उत्साह

- बच्चें स्कूल खूलने का कर रहे थे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद एक माह बाद पुनः सरकारी व निजी स्कूलों में रौनक लौट आई। सोमवार को विद्यार्थी सुबह से ही स्कूल जाने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। कई स्थानों पर स्कूल जाने की उत्सुकता में सुबह विद्यार्थियों को बैग हाथ में पकड़े स्कूल बसों का इंतजार करते दिखाई दिए। गर्मी की छुट्टियों में मौज मस्ती व होमवर्क करने के बाद स्कूलों में जाने के लिए छात्र, छात्राओं के चेहरे पर अलग चमक देखने को मिली। सरकारी स्कूलों में भी जाने के लिए बच्चों को पैदल जाते हुए देखा गया। करीब एक माह बाद स्कूलों में घंटी बजने की आवाज सुनाई दी। हालांकि स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या आम दिनों से कम रही, लेकिन पढ़ाई पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूलों के बाहर बच्चों को लेने के लिए अभिभावकों की भीड़ भी देखने को मिली। शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के चलते कई बच्चे अभिभावकों के साथ शहर से बाहर गए है, जिसके चलते सोमवार को स्कूलों में बच्चों की संख्या कम रही। मंगलवार से स्कूलों में सुचारू रूप से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। विद्यार्थियों के आने के बाद पहले दिन से ही स्कूलों में पढ़ाई का सिलसिला शुरू हो गया।



कुरुक्षेत्र। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में कक्षा में उपस्थित विद्यार्थी।

### अपने सहपाठियों से मिले विद्यार्थी

कुछ विद्यार्थी स्कूल खुलने का इंतजार कर रहे थे। उसकी खुशी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैसे ही स्कूल के मुख्य गेट पर पहुंचे तो भागकर अपनी कक्षाओं तक पहुंचे और अपने मित्रों से मिले। इसके अलावा छोटे बच्चे स्कूल न जाने की जिद भी कर रहे थे। ऐसे में उनके अभिभावक छोटे बच्चों को स्कूल तक लेकर आए ताकि वह स्कूल जा सके। एक महीने के अवकाश के बाद जैसे ही विद्यार्थी कक्षा में पहुंचे तो पढ़ाई से ज्यादा वो ये पूछ रहे थे कि छुट्टी के दौरान कहां घूमने के लिए गए थे। किसी विद्यार्थी ने कहा मामा तो किसी ने बुआ के पास जाने की बात कही। पहला दिन होने के कारण पढ़ाई भी इतनी नहीं हुई। एक महीने के लिए जो होमवर्क दिए थे वो अध्यापक चेक करते रहे। सुबह 8 बजे ही स्कूल लग गए थे और दोपहर अढ़ाई बजे छुट्टी भी हो गई।

## दुकानदारों में बारिश होते ही बाजारों के जलमग्न होने की चिंता

# मानसून सिर पर, पानी निकासी के लिए बने बरसाती नाले गंदगी से अटे

पिछले साल आई बाढ़ में घरों में घुसा था पानी, लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्री मानसून का आगाज हो चुका है। मानसून सिर पर है। ऐसे में अभी तक नगर परिषद की ओर से शहर के नालों की सफाई अभी तक अधूरी है। इससे बारिश होते ही शहर की गलियों में जलभराव होना तय है। बाजारों में ज्यादातर नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। मेन बाजार के दुकानदारों ने बताया कि बाजार में नाले गंदगी से अटे पड़े है। कुछ दिन पहले ही नगर परिषद द्वारा बाजारों के नालों की सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति की गई थी लेकिन वे नाले भी फिर से गंदगी से अट चुके है। अब मानसून सिर पर है। इससे बारिश होते ही बाजारों का जलमग्न होना तय है जिससे दुकानदारों में चिंता बनी हुई है। पिछले साल आई बाढ़ की चपेट में दीदार नगर, शांति नगर, सरस्वती कॉलोनी, कामरेड कॉलोनी, चटठा कॉलोनी, खेड़ी मारकंडा सहित अन्य कॉलोनियां भी आ गई थी। लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया था तो वहीं घरों में पानी भरने से लोगों को भारी नुकसान हुआ था। यह दंश अभी तक लोग भूले नहीं है। यहां तक कि अनेक लोगों को नुकसान की भरपाई के लिए आज तक कुछ भी नहीं मिल पाया। राज्यमंत्री सुभाष सुधा भी शहर में नालों की सफाई व्यवस्था देख चुके हैं। सप्ताह भर पहले किए निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई जगहों पर संतोष जाहिर किया था तो कई जगहों पर कार्य किए जाने को लेकर आदेश भी दिए थे। उनके आदेश पर ही रात को रोटरी चौक से मुख्य बाजार के नाले की सफाई की जा सकी थी। वे साफ आदेश दे चुके हैं कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले सभी नालों की सफाई होनी चाहिए।



कुरुक्षेत्र। पारस रोड पर नाली में पड़ी गंदगी व निरीक्षण करती एडीसी डा. वैशाली शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### सफाई व्यापक स्तर पर कराने की मांग

नालों की सफाई न होने से जहां बरसात के समय जलभराव की समस्या बढ़ेगी वहीं, गंदे पानी से डायरिया, डेंगू आदि के फैलने का खतरा भी बढ़ेगा। विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक आदि संगठनों से राजेश, राकेश कुमार, सचिन, बीरेंद्र आदि का कहना है कि जून माह तक सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा हो जाना चाहिए थे, लेकिन यह अभी तक अधूरा है। उनका कहना है कि जाम नाले-नालियों से मच्छर-मक्खी होने पर बीमारियां फैलेंगी। उन्होंने नगर परिषद से इनकी सफाई व्यापक स्तर पर कराने की मांग की है।

### जिला नगर आयुक्त ने जांची नालों की सफाई

मानसून सीजन के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नगर परिषद की जिला नगर आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने सोमवार को शहर के नालों व नालियों की सफाई व्यवस्था को जांचा। इस दौरान जहां उनके साथ विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे वहीं कहां-कहां नालों की सफाई करवा दी गई है इसके बारे में भी अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की। इस अवसर पर डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों की टीम सहित बाहरी, मोहननगर, कालड़ा पार्क, चेतंग नाला व झांसा रोड स्थित सरस्वती नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शहर में जलभराव न हो इसके लिए नाले साफ करने का टेंडर दिया हुआ है जिसके चलते उनकी टीम जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित नाले व नालियों की सफाई लगातार कर रही है। इसके अलावा नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शहर की कालोनियों में स्थित छोटी-बड़ी नालियों की सफाई लगातार कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नालों से जो गाद निकाली जा रही है उसे साथ की साथ उठवाना भी सुनिश्चित करें, क्योंकि यदि गाद निकालने के बाद यदि उसे उठाया नहीं गया तो वह कुछ समय के बाद वापिस नाले में ही चली जाती है और सफाई करने का कोई फायदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि कई जगहों से नालों से गाद व खुम्बी को निकाला जा चुका है और बरसाती सीजन से पहले सभी नालों व नालियों को साफ करवा दिया जाएगा।

# रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने मनाया अन्नपूर्णा दिवस




लाडवा। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराते रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया। रोटरी सचिव राकेश खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक किसी भी प्रधान का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक एक साल के लिए होता है जिसके तहत नया रोटरी सत्र, रोटरी अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाया जाता है। रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब लाडवा की तरफ से भी इसके अंतर्गत बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया जिसमें उनके द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्गो को भोजन कराया गया। बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने तीनो क्लबों के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए वृद्धाश्रम में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। रोटरी के नवनियुक्त प्रधान नरेश गर्ग ने कहा कि रोटरी का लक्ष्य केवल जरूरतमंद की जरुरत को पूरा करना नहीं वरन उन्हें स्वाभिमान के साथ जीना सिखाना भी है। इस अवसर पर दुर्गेश गोयल, अमित सिंघल, भूपिंदर सिंह, रविकांत गिरधर, दीपक सिंघल, डिंपल गुम्बर, अशोक गुप्ता, सुनील गर्ग, नरेंदर सिंघल, राजेश वर्मा, संजीव जिंदल, परमीत कौर देव, प्रोमिला कवात्रा सहित तीनों क्लबों के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### मानव को सत्संग और गीता पाठ से मिलेगा लाभः लक्ष्मी

**पिहोवा।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के आशीर्वाद और प्रेरणाओं से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित प्रभातफेरियों की श्रृंखला में गौ सेवा को समर्पित सोमवार की पहली प्रभातफेरी बुधराम सिंगला परिवार की ओर से मॉडल टाउन में आयोजित की गई। पंडित राजेश शास्त्री द्वारा गणेश वंदना से प्रभातफेरी की शुरूआत की गई। प्रभातफेरी में विशेष रूप से पहुंचे महंत लक्ष्मी नारायण पुरी ने अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि यह मानव देह बड़ी दुर्लभ है, सत्संग और गीता पाठ से इसका लाभ उठाया जा सकता है। महंत लक्ष्मी नारायण पुरी सहित नंदलाल सिंगला, अशोक सिंगला, राजेश गोयल, रविंदर ग्रोवर ने सिंगला परिवार को स्मृति चिन्ह दिया। इस अवसर पर जनकराज सिंगला, वीरभान सिंगला सुंदरलाल सिंगला, रूपचंद सिंगला, टीनू, सुमित, राहुल, विकास सिंगला, चीनू सिंगला, देव पूर्णिमा सहित अनेकों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सीए दिवस के उपलक्ष्य पर हजार पौधे लगाने का लिया संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

दी इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेटस आफ इंडिया की सेक्टर-13 स्थित कुरुक्षेत्र ब्रांच ने 76वां सी.ए. दिवस धूमधाम से मनाया जिसमें कुरूक्षेत्र ब्रांच के चेयरमैन सीए परविंदर सिंह ने आईसीएआई संस्थान का ध्वज फहराया और कुरुक्षेत्र के सभी सी.ए. सदस्यों व विद्यार्थियों को आईसीएआई संस्थान के 76 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक शुभकामनाए दी। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र ब्रांच के द्वारा 'वाह' फाउंडेशन के सहयोग से के.डी.बी. रोड़ पर 100 पौधे भी लगाए और निकट भविष्य में कुल 1000 पौधे लगाने का संकल्प भी किया।'वाह' फाउंडेशन के पदाधिकारी जसबीर पाहुजा को इस विशाल पौधरोपण व डस्टबिन स्थापित करने में सहयोग करने पर सीए परविंदर सिंह ने उनका धन्यवाद किया व संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट करके उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर कुरूक्षेत्र ब्राँच के पूर्व अध्यक्ष सी.ए. अश्वनी गर्ग, सी.ए. राकेश ढ़ल, सी.ए. विकास गर्ग, सी.ए. सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### घोटाले वाली सरकार का हुआ पर्दाफाश : मधुसूदन

**कुरुक्षेत्र।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि घोटाले, पेपर लीक, नौकरी खत्म वाली सरकार का पर्दाफाश हो गया है। हरियाणा सरकार स्वयं अल्प मत है और नौजवानों को नौकरियां देने की बात करके उनका उपहास उड़ा रही है। अल्प मत की सरकार क्या नौकरी देगी। बवेजा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने पर सभी घोटालों की जांच होगी और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। जनता का मौजूदा सरकार से विश्वास उठ गया है। बवेजा ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला व कुमारी शैलजा हरियाणा सरकार की नाकामयाबी उजागर कर रहे है। जनता भाजपा सरकार से तंग है। जनता सब कुछ जानती है। बवेजा ने शिक्षा घोटाले में सीबीआई एफआईआर पर हरियाणा की बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा कि पूरा हरियाणा देख रहा है कि बीजेपी ने उनके बच्चों के नाम पर कैसे सरकारी खजाने में लूट की है और सरकार शुरू होते ही ये लूट शुरू हो गई थी।

## बोर्ड कक्षाओं के बच्चों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

गीता विद्या मंदिर में विभिन्न स्कूलों के 10वीं, 10+2 के बोर्ड कक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। इस दौरान उद्योगपति संदीप गर्ग लाडवा, संघ नगर कार्यवाहक डॉ सुरजीत, गीता मंदिर के प्रधान धर्मवीर हंस, नगरपालिका प्रधान गुलशन क्वात्रा, विद्यालय प्रबंध समिति प्रबन्धक अमित अग्रवाल, प्राचार्या निशा गोयल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान किया। इससे पहले प्राचार्या निशा गोयल ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान गीता विद्या मंदिर के मैरिट में स्थान प्राप्त 10 विद्यार्थियों जसप्रीत, रिषभ, नोमित, देव, कार्तिक, निशिका, पलक, मनप्रीत कौर, करण, प्रियांशु को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक अमित अग्रवाल ने विद्यालय की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हमारा विद्यालय पूरी तरह से अंग्रेजी माध्यम से चल रहा है। विद्यालय में स्मार्ट क्लास के माध्यम से सभी कक्षाओं को शिक्षा दी जाती है, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय बच्चो को शिक्षा प्रदान कर रहा है।

# हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने किया लाडवा का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने लाडवा का दौरा किया जहां कांग्रेसी नेता राकेश खुराना के कार्यालय पर उनका स्वागत किया गया। दीपक बाबरिया ने आगामी विधानसभा चुनावों के बारे में विचार विमर्श किया व संगठन को मजबूत कर सबको साथ लेकर आगामी गतिविधियों के लिए कार्यकताअरं को प्रेरित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाते हुए कहा कि हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनावों में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की जिसके परिणामस्वरूप राज्य में पार्टी ने बहुत अच्छे मत हासिल कर सकारात्मक परिणाम हासिल किये। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में निश्चित रूप से हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है इसलिए हमें अपने संगठन को मजबूत कर सभी को एक साथ आगे बढ़ते हुए विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लेनी चाहिए ताकि अपने हरियाणा को बिना किसी डर के माहौल में विकास के रास्ते पर ले जाया जा सके। विधायक मेवा सिंह ने कहा कि उनकी उपस्थिति वास्तव में कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्जा भरने का काम करेगी और सभी कार्यकर्त्ता आगामी विधानसभा चुनावों में दुगुने उत्साह से काम करने के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर शहरी प्रधान अश्वनी शर्मा, शालू बंसल, पार्षद देवेंद्र मान, जयपाल पांचाल, संजीव सैनी, दीपक मोरथला, दर्शन लाल खंडेलवाल, कुलदीप नारंग, सूबेचंद कटारिया, विक्की रहेजा, राहुल भारद्वाज सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।



लाडवा। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते कांग्रेसी नेता। फोटो : हरिभूमि

## जिन्दल ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उमरी का किया निरीक्षण

# युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकताः नवीन

- शिक्षकों से संस्थान में दिये जा रहे औद्योगिक प्रशिक्षण पर विस्तृत चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के लिए उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र के लिए प्रस्तुत अपने संकल्प-पत्र में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कराने की बात प्रमुखता से कही है। इस सिलसिले में उमरी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का औचक निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने शिक्षकों से संस्थान में दिये जा रहे औद्योगिक प्रशिक्षण पर विस्तृत चर्चा की। नवीन जिन्दल ने राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करने के दौरान प्रशिक्षण में प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों, ट्रेड, दाखिला प्रक्रिया, परीक्षा-परिणाम और प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षुओं को मिलने वाले रोजगार के अवसरों की पूर्ण जानकारी ली। उन्होंने संस्थान की सभी वर्कशॉप में जाकर उपकरणों और छात्रों के प्रशिक्षण के लिए दी जाने वाली सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने दोनों संस्थानों में छात्रों के प्रशिक्षण को सुचारू रूप से चलाने के लिए आ रही समस्याओं को दूर करवाने की बात भी कही। सांसद नवीन जिन्दल ने छात्रों के प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने अनुभव भी सांझा किए। सांसद नवीन जिन्दल के साथ इस अवसर पर श्रीमती शालू जिन्दल, अध्यक्षा जिन्दल फाउंडेशन ने भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में हिदी-इंगलिश स्टेनो, कम्प्यूटर ऑपरेटर, कॉस्मेटोलॉजी, स्यूइंग टैक्नोलॉजी, एम्बरोडरी, सरफेस ओरनामेंटेशन, वस्त्र-निर्माण और अन्य कई प्रकार के डिप्लोमा की विशेष जानकारी ली और सभी प्रकार के कोर्स के उपकरणों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर, संस्थान के प्रधानाचार्य श्री जगमोहन, औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) के इंचार्ज देवकिशन, संस्थान की एडमिशन कमेटी के सदस्य और नवीन जिन्दल टीम के सदस्य उपस्थित थे।



कुरुक्षेत्र। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करते सांसद नवीन।



### कार्यशाला में तीन नए अपराधिक कानूनों की चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें तीन नए आपराधिक कानूनों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की आईक्यूएसी समिति के तत्वावधान में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में बार एसोसिएशन, कुरुक्षेत्र के पूर्व प्रधान पहुंचे एडवोकेट सौरभ शर्मा व हरियाणा पुलिस, कुरुक्षेत्र की टीम के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. नीरज वशिष्ठ द्वारा श्रोताओं से परिचय करवाया। एडवोकेट सौरभ शर्मा ने नए कानूनों के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला और उनके प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ये कानून किस प्रकार समाज में अपराध को नियंत्रित करने और न्याय प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में मदद करेंगे। हरियाणा पुलिस की टीम ने भी इस मौके पर अपने अनुभव साझा किए और नए कानूनों के लागू होने के बाद संभावित चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। कार्यशाला में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों व गैर शिक्षकों ने गहन रुचि दिखाई और वक्ताओं से सवाल पूछे। कॉलेज के प्राचार्य शीश पाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आईक्यूएसी समिति की सराहना की और बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की समझ और कानून के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### डाक्टरर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** किडजी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ तथा शहर के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सक जिन में डॉक्टर मोहित गुप्ता, डॉ प्राची शर्मा, डॉ अश्वनी शर्मा, डॉ रजत व युवा डॉक्टर मुस्कान उपस्थित रहें। डॉ मोहित ने बरसात के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के विषय में बताया वहीं युवा डॉक्टर मुस्कान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए।

